एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क: पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल

NDIS Workforce Capability Framework: Position Description Tool

Hindi | हिन्दी

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है और एनडीआईएस सेवाओं और समर्थन प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 'अच्छी स्थितियाँ कैसी दिखाई देती हैं' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। यह टूल (उपकरण) वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क का उपयोग करने का समर्थन करता है।

पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल एनडीआईएस प्रतिभागियों और प्रदाताओं को फ्रेमवर्क में क्षमताओं के आधार पर पोज़ीशन डिस्क्रिपशन विकसित करने के लिए सहायता देता है। प्रत्येक समूह के लिए एक अनुरूप मार्गदर्शिका है: प्रतिभागी और प्रदाता।

यह सुनिश्चित करने से कि आपके पास व्यापक, सुसंगत पोज़ीशन डिस्क्रिपशन है, प्रतिभागी और प्रदाता दोनों के लक्ष्यों का समर्थन होगा और आपके श्रमिकों की स्पष्ट अपेक्षाएं प्रदान होंगी।

क्या उम्मीद करें

यह टूल एनडीआईएस प्रतिभागियों और प्रदाताओं को विस्तृत पोज़ीशन डिस्क्रिपशन का निर्माण करने में मदद करता है जिसमें पोज़ीशन की सभी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होती है और जो वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क के साथ संरेखित होती है।

- **विकास करना:** ऐसी पोज़ीशन डिस्क्रिपशनों का निर्माण करना जो विस्तृत हैं और श्रमिकों की अपेक्षाओं पर स्पष्ट हैं
- **विकास करना:** अपनी जानकारी डालने के लिए इंटरैक्टिव टूल का उपयोग करना और टूल को स्वचालित रूप से प्रासंगिक क्षमताओं को लोड करते हुए देखना।
- **संरेखन करना:** फ्रेमवर्क क्षमताओं और व्यवहार संबंधी अपेक्षाओं के साथ अपनी पोज़ीशन डिस्क्रिपशन को संरेखित करना
- **परिणाम:** ऐसी पोज़ीशन डिस्क्रिपशन विकसित करना जिसमें प्रासंगिक आवश्यकताएं और क्षमताएं शामिल हों।

व्यवहार में उपकरण:

प्रतिभागी: जेन ने अपने श्रमिकों को एक स्व-प्रबंधित भागीदार के रूप में सीधे नियोजित करने का फैसला किया है। वह पहली बार श्रमिकों की भर्ती कर रही है और अनिश्चित है कि शुरूआत कहाँ से करनी है। उसके लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि वह जिन कर्मचारियों को नियुक्त करती है, वे समझते हैं कि वे क्या भूमिका निभाएंगे और वह उनसे क्या उम्मीद करती है।

जेन पोज़ीशन डिस्क्रिपशन विकसित करने के लिए **पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल** का उपयोग करती है जो स्पष्ट रूप से उन आवश्यकताओं और क्षमताओं का वर्णन करता है जिनकी उसे सहायक श्रमिकों से आवश्यकता होती है। इससे उसे तब मदद मिलती है जब वह संभावित श्रमिकों का इंटरव्यू (साक्षात्कार) लेती है ताकि उन्हें पता चल सके कि वह क्या उम्मीद करती है और ताकि वह यह आकलन कर सके कि क्या उनके पास आवश्यक क्षमताएं हैं। पोज़ीशन डिस्क्रिपशन उसके श्रमिकों के लिए उस समय एक गाइड (संदर्शिका) भी प्रदान करता है जब वे शुरूआत करते हैं।

प्रदाता: एनडीआईएस केयर के पास मानव संसाधन समर्थन नहीं है और उन्हें अपने श्रमिकों की भूमिकाओं के बारे में कुछ भ्रम दूर करने के लिए उन्हें पोज़ीशन डिस्क्रिपशन देने की आवश्यकता है।

वे **पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल** का पता लगाते हैं और सहायक कार्यकर्ताओं और टीम के मार्गदर्शकों के लिए अलग-अलग पोज़ीशन डिस्क्रिपशन विकसित करने में सक्षम हैं। एनडीआईएस केयर अपने कुछ प्रतिभागियों के साथ काम करता है ताकि श्रमिक अपनी सहायता के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को शामिल कर सकें। टूल स्वचालित रूप से वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क से चुनी गई क्षमताओं को पॉप्युलेट करता है। एनडीआईएस केयर अपनी भर्ती प्रक्रिया में और अपने कार्यबल द्वारा अपनी भूमिकाओं को समझने में उनका समर्थन करने में पोज़ीशन डिस्क्रिपशनों का उपयोग करता है।

एनडीआईएस केयर पोज़ीशनों (भूमिकाओं) पर भर्ती करते समय **भर्ती और चयन संसाधनों** का भी उपयोग करता है।

टूल (उपकरण) तक पहुँचना और उसका उपयोग करना

पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल ऑनलाइन उपलब्ध है। टूल सरल है और उपयोग करने में आसान है। पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल खोलें, 'Create your position description' का चयन करें और अपनी पोज़ीशन डिस्क्रिपशन को पूरा करने के लिए संकेतों का पालन करें।

टूल को ऐक्सेस करें: पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल | एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी (ndiscommission.gov.au)

परिचयात्मक जानकारी दर्ज होने के बाद आप टूल को एक बार में ही पूरा कर सकते/ती हैं या Word डॉक्यूमेंट के रूप में डाउनलोड कर सकते/ती हैं।

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस वेबसाइट पर जाएँ: https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/ ।

संपर्क: workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.